

गुरुवार को गीडा में अमृत बॉटलर्स की बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन करते सीएम योगी। साथ में सांसद रविकिशन भी मौजूद रहे।

# 15000 से अधिक लोगों को रोजगार देने जा रहा गीडा : योगी

- गीडा को सीएम ने दी 2251 करोड़ के निवेश व विकास परियोजनाओं की सौगात
- सीएम बोले-सुरक्षा के माहौल से आता है निवेश, प्रशस्त होता है खुशहाली और समृद्धि का मार्ग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गीडा की वर्तमान और आगामी निवेश परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां 15000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। युवाओं को अपने घर के पास ही रोजगार मिल जाएगा।

गुरुवार को मुख्यमंत्री ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण किया। निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हुआ है, उससे 5903 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और दस हजार नौकरियां मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर व यूपी में 2017 के पहले निवेश सपना था। आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है। निवेश से रोजगार के द्वार खुलते हैं। जबकि रोजगार से समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है।



गीडा में लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में आवंटन पत्र प्रदान करते सीएम योगी।

## मीठा-मीठा गुप, कड़वा-थू नहीं चलेगा

योगी ने कहा कि ईवीएम से जब वे (विपक्ष) जीतते हैं, हम स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन जब भाजपा जीतती है तो वे ईवीएम और वोटर लिस्ट को दोषी ठहराने लगते हैं। मीठा-मीठा गुप और कड़वा-कड़वा थू नहीं चलेगा। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति पर चल रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए सपा पर शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने सबके सामने पहचान का संकट खड़ा किया। कहा कि कुछ लोग जातीय विभाजन से देश को गुलामी की तरफ धकेलने का कार्य कर रहे हैं।

## मंत्र बनेगा 'विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश'

मुख्यमंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और हर जनपद के हर निकाय, गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सबके योगदान का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प का मंत्र बनेगा। उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए ही 13-14 अगस्त को विधानमंडल में लगातार 24-25 घंटे चर्चा हुई। इसके अगले क्रम में 300 से अधिक बुद्धिजीवी हर जिले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि एक आम नागरिक भी विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विजन डॉक्यूमेंट में क्यूआर कोड से अपने सुझाव दे सकता है।

## गीडा में आयोजन

### गीडा में सीएम योगी ने किया कोका कोला के प्लांट का भूमि पूजन

गीडा में निवेश और विकास परियोजनाओं की सौगात देने के क्रम में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सेक्टर 27 में कोका कोला के अमृत बॉटलर्स की बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। 40 एकड़ क्षेत्रफल में बॉटलिंग प्लांट की इस परियोजना में 700 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पहले चरण में यहां 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट में कोका कोला ग्रुप के थम्सअप, फैंटा, स्प्राइट, माजा ब्रांड के पेय पदार्थ और किनले ब्रांड के बॉटल वाटर का उत्पादन किया जाएगा। समारोह के दौरान सीएम योगी ने सेक्टर 27 में 640 करोड़ रुपये की निवेश वाली तीन यूनिट का शिलान्यास भी किया। इनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग शामिल हैं। सीएम ने प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ के निवेश से टेक्नोप्लास्ट सहित तीन यूनिट का लोकार्पण किया। लोकार्पित यूनिट में से टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 96 करोड़ के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। लोकार्पित अन्य दो कंपनियों ओमफ्लेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ व गजानन पाली प्लास्ट में 7 करोड़ का निवेश किया है। सीएम ने सीपेट के सेंटर और सीएफसी का भी शिलान्यास किया।

### सीएम योगी ने अद्वितीय नेतृत्व से यूपी को मॉडल स्टेट की पहचान दिलाई : नंदी

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने अपने अद्वितीय नेतृत्व से यूपी को मॉडल स्टेट की पहचान दिलाई है। तीव्र औद्योगिक प्रगति करते हुए यूपी एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नंदी ने कहा कि आठ वर्षों के दौरान यूपी की जनता ने कथनी और करनी को एकाकार होते देखा है। समारोह को सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल व गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया।

### विपक्ष की घिनौनी राजनीति से सचेत रहने की आवश्यकता है: रविकिशन

सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी राजनीति में निस्वार्थ संत हैं। मोदी-योगी की लोकप्रियता से घबराकर विपक्ष राजनीति के निम्न स्तर पर उतर आया है। जनता को विपक्ष की घिनौनी राजनीति से सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने गोरखपुर और गीडा के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि सपा सरकार जहां कब्रिस्तान बनाना चाहती थी, वहां उद्योग लगवाकर सीएम योगी रोजगार दिला रहे हैं।